ACT Government
Education and Training

अतिरिक्त भाषा/बोली के तौर पर अंग्रेज़ी

माता-पिता के लिए सलाह

माता-पिता किसी बच्चे/बच्ची की शिक्षा का अहम भाग होते हैं। ACT की विधि का एक आधारभूत भाग स्कूलों का माता-पिता के साथ मिलकर काम करना है ताकि बच्चों को सर्वश्रेष्ठ संभव शिक्षा प्रदान की जा सके। अपनी संतान की शिक्षा और कल्याण की चर्चा करने के लिए आपका स्कूल में हमेशा स्वागत है।

स्कूल जाना

आप अपने स्कूल के मुख्य कार्यालय से संपर्क करके अध्यापकों से बात करने की अपॉइंटमेंट (समय-नियुक्ति) बुक कर सकते/सकती हैं।

अधिकांश स्कूलों में वर्ष के आरम्भ में पेरेंट-टीचर इवनिंग (माता-पिता एवं अध्यापक संध्या) का आयोजन किया जाता है। इस बैठक में आप अध्यापक से मिल सकते/सकती हैं और स्कूल के बारे में सामान्य जानकारी प्राप्त कर सकते/सकती हैं। वर्ष में बाद में, अधिकांश स्कूलों में पेरेंट-टीचर इंटरव्यू का आयोजन किया जाता है। इस बैठक में आप स्कूल पर अपनी संतान की प्रगति के बारे में अध्यापक से बात करेंगे।

स्कूल द्वारा वर्ष के दौरान अलग-अलग समारोहों के लिए आपको स्कूल आने का भी निमंत्रण दिया जाएगा।

प्रीस्कूलों और प्राईमरी स्कूलों में अक्सर 'असेंबलियों' का आयोजन किया जाता है जिनमें माता-पिता को आमंत्रित किया जाता है। असेंबलियाँ बच्चों के लिए उनके द्वारा प्राप्त की जाने वाली शिक्षा को दर्शाने का अवसर होता है – वे अपने द्वारा लिखी कहाँनियों को सांझा कर सकते हैं, कोई नाटक का प्रदर्शन कर सकते हैं, या गाने गा सकते हैं। बच्चों को दर्शकगण में अपने माता-पिता को देखकर आनन्द आता है।

कुछ स्कूल माता-पिता को कक्षा में आने का निमंत्रण देते हैं। कभी-कभी इन्हें 'शिक्षा का सफर' या 'विद्यार्थी के नेतृत्व वाली सभा' कहा जाता है। इन्हें हरेक स्कूल में दिन भर अलग-अलग समय पर आयोजित किया जाता है। कभी-कभी इन्हें स्कूल से पहले या स्कूल के बाद आयोजित किया जाता है ताकि अधिक से अधिक माता-पिता इनमें भाग ले सके। कक्षाओं के इन दौरों के दौरान, आपकी संतान आपको स्कूल पर अपने द्वारा किए जाने वाले काम दिखाती है और अपनी शिक्षा के बारे में बात करती है।

स्कूल अक्सर स्पोर्ट कार्निवाल (खेलकूद समारोह) और अन्य सामुदायिक समारोहों को आयोजित करते हैं जिनमें भाग लेने के लिए माता-पिता का स्वागत किया जाता है।

अपनी खुद की भाषा का प्रयोग करना

असेंबलियों में जाने और कक्षाओं का दौरा करने के लिए आपका अंग्रेज़ी बोलना आवश्यक नहीं है। जब भी आप कक्षा का दौरा कर रहे/रही हों, आपकी संतान आपको अपना काम दिखा सकती हैं और आपकी अपनी भाषा में इसका विवरण कर सकती है।

ACT सरकार अपनी सूचना और सेवाओं को जितने संभव हो सके उतने लोगों तक सुलभ कराने के लिए वचनबद्ध है। यदि अंग्रेज़ी आपकी प्रथम भाषा नहीं है और आपको अपनी भाषा में बात करना अधिक सहज लगता है तो आप स्कूल से किसी दुभाषिए का प्रबंध करने का निवेदन कर सकते/सकती हैं। इसके लिए आपको कोई पैसा नहीं देना होगा।

आप स्कूल द्वारा प्रबंध किए गए दुभाषिए के साथ पेरेंट-टीचर इंटरव्यू (माता-पिता व अध्यापक साक्षात्कारों) और बैठकों में भाग ले सकते/सकती हैं। यदि आप किसी समय कोई मुद्दा उठाना या कोई प्रश्न पूछना चाहते/चाहती हैं, तो स्कूल को अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा का प्रयोग करने का निवेदन करना सही है। ये दुभाषिए आम-तौर पर फोन पर सेवाएँ प्रदान करते हैं।

दुभाषियों की व्यवस्था अनुवाद एवं दुभाषिया सेवाओं (Translating and Interpreting Service - TIS) के माध्यम से की जाती है। इनका फोन नम्बर 131 450 है।

अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा 160 से अधिक अलग-अलग भाषाओं में अनुवाद सेवाएँ प्रदान करती है। आप इस वेबसाइट पर अपनी खुद की भाषा में इनकी सेवाओं के बारे में पढ़ सकते/सकती हैं।

स्कूल कार्यों में अपनी संतान की सहायता करना

यदि आपकी संतान अभी भी अंग्रेज़ी बोलना, पढ़ना और लिखना सीख रही है तो उन्हें अतिरिक्त भाषा के तौर पर अंग्रेज़ी (English as an Additional Language - EAL) के विद्यार्थी के रूप में माना जाता है और उन्हें अपनी शिक्षा-प्राप्ति में मदद के लिए स्कूल में अतिरिक्त सहायता दी जाती है।

आप अपनी संतान की मदद कर सकते/सकती हैं कि वह स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करे। मदद करने के सर्वश्रेष्ठ तरीकों में से एक अपनी संतान के साथ अपनी खुद की भाषा में बात करना जारी रखना है। विशेषज्ञों ने यह पाया है कि अपनी घरेलू भाषा को बनाए रखना कोई नई भाषा को सीखने में बहुत सहायक होता है। अपनी घरेलू भाषा में पढ़ना और लिखना सीखने से आपकी संतान को अंग्रेज़ी में पढ़ना और लिखना सीखने में भी सहायता मिलेगी। अपनी घरेलू भाषा में किताबें, समाचार-पत्र, वीडियो और टी.वी. शो जैसी सामग्री रखना अपनी घरेलू भाषा का विकास करने में सहायता करेगा। बच्चे अपनी घरेलू भाषा से मिली अपनी योग्यताओं का प्रयोग अंग्रेज़ी सीखने में मदद पाने के लिए करते हैं। अपनी घरेलू भाषा का प्रयोग करना अपनी संतान के साथ आपका सम्बन्ध भी मज़बूत बनाए रखता है।

स्कूल में मेरी संतान क्या सीखेगी?

स्कूल में सारी शिक्षा पुस्तकों के माध्यम से ही प्रदान नहीं की जाती है। अधिकांश अध्यापक यह चाहते हैं कि बच्चे 'आभ्यासिक तरीके से काम करके सीखें', इसलिए आम-तौर पर कक्षा में बहुत सी गतिविधियाँ होती हैं।

ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों में सभी विद्यार्थी ऑस्ट्रेलियन पाठ्यक्रम के विषय-वस्तु को सीखते हैं। ऑस्ट्रेलियन पाठ्यक्रम के वर्तमान विषय निम्नलिखित हैं:

- अंग्रेज़ी
- गणित
- मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान
- विज्ञान
- कला
- स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा
- प्रौद्योगिकी
- भाषाएँ

ऑस्ट्रेलियन पाठ्यक्रम के विषय-वस्तु ऑनलाइन उपलब्ध हैं ताकि हर कोई इन्हें पढ़ सके।
http://www.australiancurriculum.edu.au

क्या मेरी संतान को होमवर्क मिलेगा?

हर स्कूल की अपनी-अपनी होमवर्क नीति होती है। अपनी संतान के अध्यापक से यह पता करने के लिए बात करें कि होमवर्क को लेकर उनकी क्या प्रत्याशाएँ हैं। यदि आपकी संतान अपना होमवर्क समझ न सके तो आपको इस बारे में अपने कक्षा अध्यापक से बात करनी चाहिए। कुछ स्कूलों में होमवर्क सहायता कार्यक्रम उपलब्ध हैं जहाँ बच्चे होमवर्क के साथ अतिरिक्त मदद प्राप्त कर सकते हैं।

घर में मज़े और आनन्द के लिए किताबें पढ़ना स्कूल में शिक्षा संबंधी सहायता प्रदान करने का एक बहुत अच्छा तरीका है। आप अपने बच्चों को पढ़ कर सुना सकते/सकती हैं, या उनके साथ पढ़ सकते/सकती हैं, अथवा वे खुद से पढ़ सकते हैं। वे ऑडियो किताबों पर दूसरे लोगों को किताबें पढ़ते हुए भी सुन सकते हैं। किताबें स्कूल लाइब्रेरी या स्थानीय लोक लाइब्रेरी से नि:शुल्क उधार पर ली जा सकती हैं।

इतने सारे इक्सर्शन (सैर सपाटे) क्यों आयोजित किए जाते हैं?

सैर सपाटे – ऑस्ट्रेलियन स्कूलों में स्कूल के बाहर के स्थानों पर घूमने जाना और स्कूल कैम्प में जाना बहुत आम है। ऐसा करना विद्यार्थी की शिक्षा प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण होता है। ये सहपाठियों और स्कूल के कर्मचारियों के साथ सकारात्मक सम्बन्ध स्थापित करने के बढ़िया अवसर होते हैं। सैर-सपाटों और कैम्पों में अपनी संतान की सहभागिता का समर्थन करना आपकी संतान के लिए सामाजिक और अकादमिक दोनों प्रकार से लाभप्रद होगा। स्कूली सैर-सपाटे आम-तौर पर स्कूली कार्य-समय के दौरान आयोजित किए जाते हैं। स्कूल कैम्प आम-तौर पर एक रात चलते हैं। सैर-सपाटों और स्कूली कैम्पों में अध्यापक हमेशा बच्चों के साथ होते हैं।

आपकी संतान सैर-सपाटे या स्कूल कैम्प में भाग ले सके, इसके लिए आपका एक अनुमति पत्र पर हस्ताक्षर करना आवश्यक होता है। यदि आपको लगता है कि आप सैर-सपाटे या कैम्प के बारे में पर्याप्त जानकारी समझ नहीं पा रहे/रही हैं तो स्कूल से दुभाषिया सेवा का उपयोग करने का निवेदन करना याद रखें।

यदि सैर-सपाटे या कैम्प के खर्च के फलस्वरूप आपकी संतान का इसमें भाग लेना कठिन हो, तो स्कूल के कर्मचारियों से बात करें। कई स्कूल विकल्प प्रदान करते हैं ताकि आपकी संतान फिर भी इन सैर-सपाटों या कैम्प में भाग ले सके।